दिन–शनिवार दिनांक– 28 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार सभी परिवारों को राहत देने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है।

02. कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा – प्रदेश में उर्वरक की कोई कमी नहीं। कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सरकार करेगी कार्रवाई।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के तहत करेंगे अपने विचार साझा।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में आंधी, बारिश और वज्रपात का अलर्ट।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार सभी परिवारों को राहत देने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है। उत्तर प्रदेश के नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पूरी शक्ति के साथ मौजूदा हालात का मुकाबला कर रहा है। श्री मोदी ने देशवासियों से एकजुटता के साथ वर्तमान स्थिति का सामना करने का आह्वान किया है।

–––साउंड बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि भारत बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस युद्ध प्रभावी क्षेत्रों से मंगाता है। उन्होंने कहा कि सरकार हर वो जरूरी कदम उठा रही है, जिससे देशवासियों को कम से कम मुश्किल हो।

–––साउंड बाइट–––

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि पश्चिम एशिया में तनावपूर्ण हालात के बीच राज्य में उर्वरकों की कहीं कोई कमी नहीं है। श्री यादव ने ईरान, इजराईल संघर्ष का कृषि क्षेत्र पर संभावित प्रभाव को लेकर आज पटना में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में निर्धारित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

———साउंड बाइट———

---

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने आज मधुबनी जिले के पंडौल में संयुक्त रूप से निजी क्षेत्र की कंपनी सावि लेदर टेक्सटाइल इकाई का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रदेश में निवेश का वातावरण बन रहा है और औद्योगिक इकाईयों के खुलने से रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं।

———साउंड बाइट———

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन, पूर्व मंत्री विनोद नारायण झा, पूर्व मंत्री समीर कुमार महासेठ समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---

बिहार से राज्यसभा के लिए नवनिर्वाचित सांसद शिवेश कुमार दस अप्रैल को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ लेंगे। श्री कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इस संबंध में लाइजनिंग ऑफिसर ने फोन कर उन्हें यह सूचना दी है। उन्होंने बताया कि दस अप्रैल को ही अन्य चार नवनिर्वाचित सांसद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, रोलोमो अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा और केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर के भी शपथ लेने की संभावना है।

———साउंड बाइट———

---

मधुबनी के प्राचीन और ऐतिहासिक स्थल बलिराजगढ़ में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की ओर से आज उत्खनन कार्य की शुरूआत कर दी गयी। राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने उत्खनन कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्खनन कार्य से मिथिला की प्राचीन सभ्यता, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास के अनछुए पहलू सामने आयेंगे। श्री झा ने कहा कि बलिराजगढ़ में संग्रहालय की स्थापना की जायेगी, जिसमें उत्खनन में प्राप्त सामग्रियों को संरक्षित कर रखा जायेगा।

———साउंड बाइट———

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम में बड़ा परिवर्तन दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा समेत राज्य के विभिन्न भागों में आंधी, बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान दरभंगा, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर जिले में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना है।

———साउंड बाइट———

विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना समेत राज्य के विभिन्न भागों में आंधी—बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। कई स्थानों पर ओलावृष्टि और वज्रपात की घटना दर्ज की गयी। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि तेज आंधी के कारण कई जगह पेड़ उखड़ गए, जिससे सड़क यातायात बाधित हुआ है। वहीं, कई स्थानों पर विद्युत पोल उखड़ जाने से बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुयी है। इधर, आंधी —बारिश के कारण फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। आम और लीची की फसल को भी क्षति हुई है।

---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि कल आए आंधी—तूफान और ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को तैंतीस प्रतिशत से अधिक फसल नुकसान होने पर मुआवजा दिया जाएगा।

———साउंड बाइट———

श्री यादव ने बताया कि पिछले सप्ताह पहले आपदा से किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा के रूप में डीबीटी के माध्यम से लगभग दो सौ करोड़ रुपये खातों में भेजे गए हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बत्तीसवी कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी,

दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि मगही भाषा और संस्कृति प्रदेश की अमूल्य विरासत है। श्री कुमार ने पटना के बापू टावर में मगही महोत्सव का उद्घाटन किया। विधानसभा अध्यक्ष ने मगही भाषा में सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि मगही के विकास के लिए हम सब मिलकर कार्य करेंगे।

———साउंड बाइट———

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। श्री कुमार ने बांसघाट के पास निर्माणाधीन लोकनायक जयप्रकाश नारायण पार्क के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को समय पर कार्य पूरे करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने जे.पी. गंगा पथ के पास बन रहे बिहार गौरव पार्क, बांसघाट के पास मुक्तिधाम परिसर और गांधी मैदान के पास बनाए जा रहे पटना हाट का भी निरीक्षण किया।

———————————————————

नेपाल में नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सरकार ने अपना कामकाज शुरू कर दिया है। बालेन्द्र शाह की नेतृत्व वाली सरकार मंत्रिमण्डल की पहली बैठक में एक सौ ठोस निर्णयों को स्वीकृति देने की योजना बना रही है। इन निर्णयों को पहले एक सौ दिन में लागू किया जाना है। इन्हें विभिन्न मंत्रालय कार्यान्वित करेंगे। प्रत्येक मंत्री को चार सांसदों की एक टीम सहायता करेगी। एक सौ दिन – एक सौ निर्णय मॉडल की सफलता को सरकार के प्रदर्शन के लिए प्रमुख मानदंड के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

———————————————————

नगालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव ने आज पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं की बीच विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुयी है।

---

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने रोहतास जिले के इंद्रपुरी बराज क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने संभावित परियोजनाओं और संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

---

लोकभवन ने प्रोफेसर अजय कुमार सिंह को पटना विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर फिर से बहाल कर दिया है। लोकभवन ने इस संबंध में आज आदेश जारी किया।

---

बिहार राज्य विविध सेवा प्राधिकार कल पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में एसीड अटैक पीड़ितों के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगा। नालसा योजना दो हजार सोलह के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

---

मधेपुरा जिले के ग्वालपारा थाना क्षेत्र अंतर्गत अरार घाट पुल के पास एक वाहन के विद्युत पोल से टकरा कर नदी में गिर जाने से वाहन में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। वहीं, अरवल जिले के एनएच– एक सौ उनचालीस के प्रसादी इंग्लिश बाजार के पास एक ट्रक की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गयी।

---

अररिया जिले में पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में तेईस गैस एजेसिंयों पर छापेमारी की गयी।

---

कैमूर जिला प्रशासन ने भभुआ के ददरा रोड स्थित एक नकली मिनरल वाटर कंपनी को सील कर दिया है। यह कार्रवाई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट के आदेश पर की गयी है।

---

सीवान जिले के जिरादेई रेलवे स्टेशन के पास रेल ओवर ब्रिज निर्माण के लिए केंद्र से सहमति मिल गयी है। इस ओवर ब्रिज के निर्माण से इस इलाके की एक बड़ी आबादी को जाम से मुक्ति मिलेगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार सभी परिवारों को राहत देने के लिए हर जरूरी कदम उठा रही है।

02. कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा – प्रदेश में उर्वरक की कोई कमी नहीं। कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सरकार करेगी कार्रवाई।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम के तहत करेंगे अपने विचार साझा।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आज भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में आंधी, बारिश और वज्रपात का अलर्ट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।